Date: 21/03/2026

Rajasthan Patrika, Page : 03

# मेट्रो को जून से मिलेंगे 10 नए ट्रेन सेट

**गांधीनगर @ पत्रिका.** अहमदाबाद मेट्रो के लिए टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड में निर्मित हो रहे 10 नए ट्रेन सेट जून से शुरू होने की संभावना है। राज्य सरकार की ओर से शहरी परिवहन ढांचे को मजबूत करने के तहत इनअतिरिक्त ट्रेन सेट का ऑर्डर दिया गया है, जो विशेष रूप से अहमदाबाद मेट्रो फेज-द्वितीय के लिए हैं। यह फेज अहमदाबाद और गांधीनगर को जोड़ता है। यात्रियों का इंतजार समय कम होगा और संचालन क्षमता में सुधार आएगा। वर्ष 2023 में टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड को लगभग 350 करोड़ रुपए का ठेका अहमदाबाद मेट्रो के लिए 10 ट्रेनसेट की आपूर्ति के लिए मिला था। इस ऑर्डर का पहला ट्रेन सेट दिसंबर-2025 में मुख्यमंत्री की ओर से टीटागढ़ के कोलकाता संयंत्र में अनावरण किया गया था।